शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 09.12.2024

पुवायाँ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार:-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशनुसार, श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी पुवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध की रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में पुवायाँ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तारः -

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 07.12.2024 को वादिनी मुकदमा द्वारा थाना पुवायाँ पर तहरीर देकर अभियुक्त पिन्टू पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम टकेली थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर के विरुद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ गलत काम(बलात्कार) करने के सम्बन्ध मे अभियोग पंजीकृत कराया था। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना पुवायां श्री हरपाल सिंह बालियान द्वारा स्वंय ग्रहण कर सम्पादित की जा रही हैं।

आज दिनांक 09.12.2024 को थाना पुवायाँ पुलिस को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि आपके थाने पर पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित नामित अभियुक्त पिन्टू इस समय जेवा रोड पर पुल के पास खडा है कहीं जाने की फिराक में है जल्दी की जाये तो पकड़ा जा सकता है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर द्वारा बताये स्थान से एक व्यक्ति को पकड़ लिया पकड़ हुए व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली तो इस व्यक्ति ने अपना नाम पिन्टू उर्फ प्रदीप कुमार पुत्र राजकुमार प्रजापति निवासी ग्राम टकेली थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 26 वर्ष बताया जो थाना हाजा का वांछित अभियुक्त है। अतः अभियुक्त पिन्टू उर्फ प्रदीप कुमार पुत्र राजकुमार प्रजापति उपरोक्त को इसके जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए कारण गिरफ्तारी बताकर समय 9.35 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। जिसको बाद आवश्यक विधिक कार्यवाही मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. **पिन्टू उर्फ प्रदीप कुमार पुत्र राजकुमार प्रजापति निवासी ग्राम टकेली थाना पुवायां जिला शाहजहाँपुर उम्र करीब 26 वर्ष**

पंजीकृत अभियोग/गिरफ्तारी:-

1. मु0अ0सं0 837/2024 धारा 65(1) बीएनएस व 3/4(2) पाक्सो एक्ट थाना पुवायाँ शाहजहाँपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 श्री अनुज चौधरी थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री मोहित कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 1181 गगन पंवार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर